सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४-२०२५

कक्षा:-8	विषय: हिंदी भारत की खोज	पाठ:2

भारत की खोज

पाठ 2

उत्तर -1 अजंता और एलोरा की गुफाएँ भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का प्रतीक हैं। ये गुफाएँ बौद्ध धर्म से संबंधित चित्रण एवं शिल्पकारी का उत्कृष्ट नमूना प्रस्तुत करती है।इनका एक -एक पत्थर भारत के अतीत की गाथा को सुनाता प्रतीत होता है।

उत्तर -2 भारत की सबसे प्राचीन सभ्यता वैदिक नहीं अपितु सिन्धु घाटी की सभ्यता है। सिंधु घाटी सभ्यता का मोहनजोदड़ो भारत के उत्तर पश्चिमी में स्थित है । यह लगभग पांँच हज़ार वर्ष पहले की पूर्ण विकसित सभ्यता है। यह सभ्यता स्थायीपन के कारण विशुद्ध एवं पूर्णतया भारतीय थी। यह सभ्यता आज भी जीवित है।

उत्तर -3 भारत के अलग- अलग भागों का अध्ययन करने से पता चलता है कि उत्तर और दक्षिण में काफी असमानताएँ हैं। हर इलाके का रहन- सहन, खान- पान, पहनावा,भाषाएँ और शारीरिक गठन एक दूसरे से अलग हैं। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में और वहाँ के लोगों में अंतर होते हुए भी सभी पर भारत की छाप एक जैसी है।

भारत की अनेकता में एकता का प्रमाण यह है कि कोई भी भारतीय भारत के किसी भी कोने में हो उसे वहाँ अपने घर जैसा ही अनुभव होता है।

उत्तर -4 नेहरू जी ने भारत को एक दूसरे देश के समीक्षक की दृष्टि से देखा। वे भारत के अतीत की विरासत के बड़े हिस्से को नकारने का साहस कर रहे थे परन्तु भारत के पास एक ऐसा विशेष तत्व है जो उसे हमेशा सजीव और स्थायी बनाकर रखता है।

उत्तर -5 पहाड़ों, नदियों, संस्कृति एवं कश्मीर के प्रति नेहरू जी की यह भावनाएँ थी कि भारत में फैले हुए जंगल, नदियाँ और पहाड़ जो हमें भोजन उपलब्ध कराते हैं, माता के समान है।

उत्तर -6 अंग्रेजी शासन काल में भारतीय जनता निरक्षर थी। अंग्रेजी शासन काल में भारत में सर्वत्र गरीबी फैली हुई थी। अंग्रेजों की क्रूरता के कारण हर तरफ़ गरीबी, भ्रष्टाचार तथा असुरक्षा का माहौल था।